Vivo V15Pro
AI Triple Camera

बवानीखेड़ा. कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए गुलाब सिंह पार्क के सामने नाटक प्रस्तुत करते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए किए नुक्कड़ नाटक

रैली निकालकर भी किया ग्रामीणों को जागरूक

भास्कर न्यूज़ | बवानी खेड़ा

बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने गुलाब सिंह पार्क के सामने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कस्बावासियों को बेटियों के प्रति जागरूक किया।

एनएसएस प्रभारी मिथलेश के निर्देशन में राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा रितु, अंकिता, कीर्ति, प्रीति, लता, तनु, मीनाक्षी व नीलम ने नाटक में दर्शाया कि एक बेटी को पैदा होने से लेकर सुसराल तक कितने ताने सुनने पड़ते हैं। फिर भी वह दोनों परिवारों के लिए क्या कुछ नहीं करती। नाटक को देख दर्शकों सोचने पर मजबूर हो गए। इसके अलावा राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर रैली भी निकाली।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए और कन्या भ्रूण के सन्दर्भ में भी लोगों को जागरुक भी किया। मलिन बस्तियों में जाकर गंदी से होनी वाली हानियों को भी दिखाया गया। इस मौके पर सोनिका, डॉक्टर प्रवीन कुमार, सुरेन्द्र कुमार, संपत, रमेश व मंजीत मान आदि गणमान्य व्यक्ति थे।

रक्तदान

जीवन दान

रक्तदान शिविर

3 मार्च 2021 प्रातः 9 बजे

आयोजक

राजकीय महिला महाविद्यालय

बवानीखेड़ा

गांव गांव पहल करें, रक्तदान में सहयोग करें

कृप्या स्वयं रक्तदान करे और साथियों को भी आमंत्रित करें।

प्रसूति सेवाएँ 24 घण्टे
NO SMOKING
सुझाव पेटी
HELP DESK
CIVIL HOSPITAL
G.C.W.
BAWANI KHERA

बवानीखेड़ा के गुरुद्वारे में सफाई अभियान की शुरुआत करतीं महिला कालेज की छात्राएं।

गुरुद्वारे से सफाई अभियान शुरू

बवानी खेड़ा | राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गुरुद्वारे से सफाई अभियान शुरू किया। एनएसएस की छात्राओं ने मिलजुल कर सफाई का कार्य पूरा किया। एनएसएस अधिकारी मितलेश ने बताया कि स्वस्थ रहने तथा मानसिक संतुष्टि के लिए सबसे पहले सफाई का होना जरूरी है। इसके लिए हर स्थान का सुन्दर होना अति आवश्यक है। गुरुवार को गुरुद्वारे से इसकी शुरूआत की गई। जिसके बाद कालेज परिसर को साफ किया गया। इस दौरान एनएसएस अधिकारी सहित अन्य प्रोफेसर की निगरानी में सफाई अभियान चलाया गया।

Vivo V15Pro
AI Triple Camera

Vivo V15Pro
AI Triple Camera